संत ज़ेवियर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दिल्ली - 54

कक्षा–10 पूर्व वार्षिक परीक्षा – 2017-18 पूर्णांक–40

दिनाँक–15.12.2017 हिन्दी समय–1½ घंटा

निर्देश :– 1. सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

2. सुलेख तथा वर्तनी पर विशेष ध्यान दीजिए।

भाग 'क'

1. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

क वीभत्स अथवा अद्भुत रस का स्थायी भाव बताते हुए एक उदाहरण दीजिए। (1)

ख. निम्न काव्य–पंक्तियों में प्रयुक्त रस तथा उनके स्थायी भाव भी लिखिए –

i. ऊधौ मन नाहि भए दस–बीस (1)
एक हुतौ सो गयो स्याम संग
को आराधै ईश।

ii. बुरे समय को देखकर, (1)
गंजे तू क्यों रोए?
किसी भी हालत में तेरा,
बाल न बाँका होय।

iii. रस की परिभाषा दीजिए। (1)

2. रेखांकित पदों का पद–परिचय दीजिए –

क आज धन <u>के बिना</u> कोई नहीं पूछता। (1)

ख. माँ ने बच्चे को <u>सुलाया</u>। (1)

3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

क वाक्य के कितने अंग होते हैं – नाम बताइए। (1)

ख. मैंने पुराना मकान बेच दिया। (मिश्र वाक्य में बदलें) (1)

ग. बच्चा दौड़ा फिर यहाँ आया। (सरल वाक्य में बदलें) (1)

4. प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए –

क भीड़ में साइकिल मत चलाओ। (कर्मवाच्य में बदलें) (1)

ख. ड्राइवर द्वारा अचानक ब्रेक लगाए गए। (कर्तृवाच्य में बदलें) (1)

5. बड़े भाई के विवाह का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। (5)

अथवा

पुस्तकालय में हिंदी की पुस्तकें तथा पत्रिकाएँ मँगवाने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

6. प्रदूषण की समस्या की रोकथाम के लिए सचित्र विज्ञापन जन जागृति हेतु बनाइए। (4)

अथवा

किसी शीतल पेय की बिक्री बढ़ाने के लिए चित्र सहित विज्ञापन तैयार कीजिए।

Contd…..2.

भाग 'ख'

7. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –
स्त्रियों के लिए पढ़ना कालकूट और पुरूषों के लिए पीयूष का घूँट! ऐसी ही दलीलों और दृष्टांतों के आधार पर कुछ लोग स्त्रियों को अपढ़ रखकर भारतवर्ष का गौरव बढ़ाना चाहते हैं।
   - क. लेखक तथा पाठ का नाम बताइए। (1)
   - ख. गद्यांश में स्त्री शिक्षा का विरोधी तर्क बताते हुए लिखिए कि शिक्षा स्त्रियों के लिए कालकूट क्यों कही गई है? (2)
   - ग. पाठ की विधा तथा भाषा बताते हुए शैलीगत कोई दो विशेषताएँ उदाहरण सहित बताइए। (2)

8. निम्न पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए –
सूर समर करनी करहिं कहि न जनावहिं आपु।
विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहिं प्रतापु।।
   - क. कवि तथा कविता का नाम लिखें। (1)
   - ख. कविता की भाषा तथा छंद बताइए। (1)
   - ग. पद्यांश में निहित कायर व योद्धा का अंतर स्पष्ट कीजिए। (2)
   - घ. कोई एक अलंकार व एक शैलीगत विशेषता उदाहरण सहित लिखिए। (1)

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में दीजिए – (2x3=6)
   - क. स्त्री शिक्षा का समर्थन करते हुए लेखक ने किन–किन स्त्रियों के उदाहरण दिए हैं, किन्हीं दो का वर्णन कीजिए।
   - ख. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर कौन–कौन से तर्क दिए?
   - ग. वर्तमान काल में आप स्त्रियों की परिस्थितियाँ सुधारने के लिए क्या–क्या उपाय करेंगें? कोई दो कार्य विस्तार पूर्वक बताइए।

10. 'कटाओ' पर किसी भी दुकान का न होना उसके लिए वरदान है। इस कथन के पक्ष में अपनी राय व्यक्त कीजिए। प्रदूषण के किन्हीं दो दुष्परिणामों का वर्णन करते हुए एक ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते आप कोई दो सुझाव दीजिए। (4)

*****